# लखोटिया मंच पर त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित



पाली में विश्व हिंदू परिषद् ने त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। विश्व हिंदू परिषद द्वारा शनिवार को लखोटिया के मंच पर त्रिशूल दीक्षा का आयोजन हुआ। इसमें करीब 4000 बजरंगी ने त्रिशूल दीक्षा में भाग लिया।

जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत बजरंग दल राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया, कार्यक्रम अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भाटी, मुख्य अतिथि शांतिलाल सिंघवी, प्रांत अध्यक्ष डॉ राम गोयल, क्षेत्रीय संयोजक किशन प्रजापत, प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी ने राम दरबार, भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महंत परशुराम गिरी महाराज ने समाज में भेदभाव मिटे, समाज में समरसता आये, सभी एक जाजम पर बैठे हिन्द हिन्दू एक रहे उद्बोधन दिया।

मुख्य वक्ता बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद हिन्दू हिन्दू जीवन मूल्यों की रक्षा और पुर्नस्थापन के लिए प्रतिबद्ध है विहिप का 60 वर्ष पहले गठन इसी उद्देश्य को लेके हुआ था, इसका संकल्प पूरा किया जा रहा है। विहिप के 60 वर्ष पूर्ण हुए इस उपलक्ष में पूरे भारत वर्ष में षष्ठिपूर्ति वर्ष मनाया जा रहा है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का संकल्प पूरा हुआ। साथ ही धर्मांतरण पर टिप्पणी करते हुए कहा कि धर्मांतरित हिंदुओं की घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं और प्रतिवर्ष 50000 की घर वापसी हो रही है। बजरंग दल के द्वारा अभी तक 88 लाख गायों को काटने से रोका गया है और यह संकल्प जारी रहेगा।

दौनेरिया ने कहा कि आधी कार सेवा पूरी करेंगे। कश्मीर से लेक कन्या कुमारी तक भगवा लहरा देंगे। कहो गर्व से हम हिन्दू है हिंदुस्थान हमारा है। आज भी विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के द्वारा 550 से अधिक गो सालाये विश्व हिन्दू परिषद संचालित करता है।

बजरंग दल राजस्थान क्षेत्रीय संयोजक किशन प्रजापत ने सम्बोधित करते हुए बताया कि बजरंग दल की स्थापना 1984 सन्तों के सान्निध्य में हुई। जब जब देश में विरोधी ताकतें हावी हुई, बजरंग दल ने मुह तोड़ जवाब दिया। बजरंग दल ने बहुत सी लड़ाईया लड़ी। बजरंग दल एक भी हिन्दू बहन बेटी को नही जाने देगा, लव जिहाद को रोकेगा, धर्मांतरण रोकेगा।

कार्यक्रम अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के युवा नोजवान संगठम में जुड़े व धर्म समाज के कार्य करें।

बजरंगी कार्यकर्ताओं को सन्त वैदिक वालाभचार्य महाराज ने त्रिशूल दीक्षा दिलाई। हिंदू धर्म, सनातन, मठ, मंदिर, बहन, बेटी गौ रक्षा, हिंदू रक्षा, जब जब धर्म की बात आएगी मम: दीक्षा हिन्दू रक्षा शस्त्र उठाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वंदे मातरम संस्था राजेन्द्र सिंह भाटी, मुख्य अथिति शांतिलाल सिंघवी( राम टेक्स) ने की।

कार्यकम में प्रांत अध्यक्ष डॉ. राम गोयल, राजस्थान क्षेत्र संयोजक किशन प्रजापत, प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी, प्रांत संयोजक विक्रम परिहार, नरेंद्र माछर, मधुसूदन लाखोटिया, मगराज जैन, डॉ शिवचरण मीणा मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रांत अध्यक्ष डॉ राम गोयल ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला प्रचार प्रमुख मनीष सेन ने बताया कि कार्यक्रम में भीमराज चोधरी, अनिल चौहान, बाबुलाल कुमावत, जगदीश सिंह, प्रवीण सोनी, रंगलाल जाट, केलाश कुमावत,गौरव शर्मा, श्रवण भिलवारा, रमेश थावानी, राहुल बंजारा, किशोर सेन, जय सावलानी, किशन राव, दुर्गेश चौहान, सहित कई जने मौजूद रहे।

## पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट के चुनाव आज


जोधपुर, (कास)। श्री पीपा क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट, जोधपुर के त्रि-वार्षिक चुनाव एक सितंबर को होंगे। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

चुनाव अधिकारी लालाराम भाटी ने बताया कि पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य के लिए कुल 37 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिनमें से नाम वापसी के पश्चात 23 अभ्यर्थियों के नामांकन-पत्रों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इनमें से सचिव -नरेश सोलंकी, उपसचिव- अनोप चंद चावड़ा एवं कार्यकारिणी के आठ सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन होना लगभग तय है। इएक सितंबर को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, उप कोषाध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया से होगा।

207 प्रतिनिधि मताधिकार कर सकेंगे। अध्यक्ष के लिए ओमप्रकाश दहिया व प्रकाश चावड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए बाबूलाल गोयल, मोहनलाल तंवर व सवाई लाल सोलंकी, उपाध्यक्ष के लिए नरेंद्र राखेचा, बाबूलाल तंवर, लिखमा राम परिहार, कोषाध्यक्ष के लिए डॉ. इंद्रमल गोयल व विजय कुमार तंवर, उप कोषाध्यक्ष के लिए छगन सिंह दैया, प्रेम कुमार चौहान व जितेंद्र गोयल हैं।

एक सितंबर को ही मतगणना के बाद शाम को परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। एक माह तक संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में घनश्याम लाल चौहान, श्याम सुंदर दैया, डॉ. विजय लक्ष्मी गोयल, जितेंद्र बड़गुजर, दिनेश गोयल, सुभाष भाटी सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं निरंतर दे रहे हैं।

# नर्सिंग कर्मियों ने चिकित्सा मंत्री को मांगें बताई




**चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के उम्मेद अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा।**

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मेड़तिया ने बताया कि चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के उम्मेद अस्पताल का निरीक्षण के दौरान राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने नर्सेज की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन प्रस्तुत करके निराकरण करने की मांग की गई।

चिकित्सा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि आप अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ और जयपुर में संबंधित अधिकारियों को उचित निर्देश देकर मांगों का उचित निराकरण करवाया जाएगा।

विजेंद्र सिंह मेड़तिया ने बताया कि नर्सेज की प्रमुख मांगों में नर्सिंग कैडर रिव्यू करने, नर्सेज की समय बद्ध पदोन्नति, वेतन विसंगतियों को दूर करने, अस्पतालों में नर्सेज के रिक्त पद भरने, बाहरी जिलों के निवासी नर्सेज के लिए स्थानांतरण पर लगाई हुई अघोषित रोक हटाने, नर्सेज के लिए आवास का निर्माण करने, नर्सेज को मोडिफाइड एम ए सी पी का लाभ देने आदि प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल में विजेंद्र सिंह मेडतिया, पीयूष ज्ञानी, नैना चौधरी, नर्सिंग परिहार, तेजा राम बामणीया, सुनील टाक, सूर्या चौधरी आदि शामिल रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण



**सांचौर जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड ने चितलवाना उपखंड की ग्राम पंचायत झाब स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**सांचौर, ( निसं )**। जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड ने शनिवार को चितलवाना उपखंड की ग्राम पंचायत झाब स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं श्री अन्नपूर्णा रसोई केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए संबंधित चिकित्साकर्मियों को निर्देशित किया कि वे केंद्र में उपचार के लिए आने वाले ग्रामीणों के लिए बेहतर चिकित्सा प्रबंधन, दवाइयों की उपलब्धता, पेयजल व्यवस्था आदि सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर शक्ति सिंह राठौड ने झाब स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का भी निरीक्षण किया तथा कार्यरत कार्मिकों को आमजन के लिए परोसे जाने वाली थाली की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु तथा किचन व मेस में स्वच्छता व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जालोर में एस.डी.एम. का पद रिक्त

**जालोर**, (कासं)। लम्बे समय से जालोर जिला मुख्यालय पर एस.डी.एम. व तहसीलदार का पद रिक्त होने से लोगों के कार्य बाधित हो रहे है। जालोर में तत्कालीन एसडीएम प्रमोद सिरवी का स्थानान्तरण निजी सचिव जयपुर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के वहां होने के बाद आज दिन तक एसडीएम की नियुक्ति नही हो पाई है। जालोर जिला मुख्यालय पर एसडीएम का पद रिक्त होने से प्रतिदिन उपखण्ड कार्यालय में कार्य के लिए आने वाले लोगो को परेशान का सामना करना पड़ रहा है। वही एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार आहोर एसडीएम शंकरलाल को देने से वे भी अधिकतर आहोर में अपने कार्य में व्यस्त रहते है। ऐसे में जालोर में एसडीएम कार्यालय में आने वालो को प्रतिदिन उपखण्ड अधिकारी के अभाव में निराशा लौटना पडता है।जालोर विधायक विधानसभा में मुख्य सचेतक होने के बावजूद स्वयं के गृह क्षेत्र में लम्बे से रिक्त एसडीएम की नियुक्ति नही करवा सके। वही तहसीलदार का पद भी 31 जुलाई से रिक्त चल रहा है। वही इससे पूर्व भी नायब तहसीलदार के पास तहसीलदार का पदभार था। लेकिन उनके भी सेवानिवृति होने के बाद स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति नही हो पाई है। वही तहसीलदार का अतिरिक्त प्रभार उप पंजीयक लक्ष्मी चौधरी के पास हैं वही चौधरी के पास सायला का भी अतिरिक्त प्रभार है।

# रामदेवरा जातरूओं के लिए राम टीला पर भंडारा लगाया



**पाली में रांकावत बोर्डिंग हाउस संस्था सोजत पट्टी व रांकावत युवा संस्था ने दो दिवसीय भंडारा का आयोजन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

पाली . (नि.सं.)। भादवा महीना में रामदेवरा पैदल जाने वाले जातरुओं के लिए पाली शहर की तीनों सीमा पर विभिन्न समाज व संगठन के लोग भंडारा लगाकर उनकी सेवा कर रहे हैं।

इसी क्रम में जोधपुर रोड राम टीला स्थित बाबा का मंदिर पर श्री रांकावत बोर्डिंग हाउस संस्था सोजत पट्टी व रांकावत युवा संस्था पाली की ओर से दो दिवसीय शुक्रवार, शनिवार भंडारा का 24 घंटे आयोजन किया गया।

सोजत पट्टी अध्यक्ष झूमर दास पेशवा ने बताया कि भंडारा कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार सुबह से ही दर्जनों समाज बंधु वहां पहुंचे।

यहां आने वाले सभी रामदेवरा पदयात्रियों का स्वागत कर उनको चाय बिस्कुट जलेबी खिचड़ी खिलाई। यहां पर मेडिकल कैंप में भी सेवाएं दी। यह कार्यक्रम शनिवार को भी जारी रहेगा। इस भंडारे में समाज के किशोर पेशवा, नेमीदास बोरावड, सोहनलाल बोरावड कन्हैया लाल, दिनेश बोरावड, राधेश्याम राजमणि, संजू, नरेश बोरावड, भरत पेशवा, मांगीलाल कोटेचा, बाबू दास, सोजत, संतोष बागावास, महेंद्र पेशवा, ग्यारसीदास, दिनेश गुरुगुरिया, उदाराम माधवत, लक्ष्मण बोरावड सहित समाज बंधु मौजूद रहे।

## जातरूओं के लिए मेडिकल कैम्प शुरू

**बालोतरा, ( निसं )**। जनसेवक श्री चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट कि ओर से रामदेवरा बाबा रामदेव जी के दर्शन के लिए पैदल यात्रियों की सेवार्थ क्षेत्र के आसोतरा गांव के समीप सिवाना रोड पर चिकित्सा कैम्प का शुभारंभ किया गया। ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी बाबुलाल भन्साली ने बताया कि बाबा रामदेव जी के दर्शनार्थ पैदल यात्रियों के लिए चिकित्सा कैम्प का शुभारंभ मुख्य अतिथि पचपदरा विधायक डॉ अरुण चौधरी व ट्रस्ट अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणपत बांठिया द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने ने बताया कि उसके बाद बाबा रामदेव आरती की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष बांठिया ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि ट्रस्ट पिछले 15 दिनों से रामदेवरा पदयात्रियों के लिए आवश्यक दवाइयों का वितरण विभिन्न स्थानों पर संचालित कैम्पों में कर रहा है।आज चिकित्सा कैम्प लगाकर पैदल यात्रा करने वालों की सेवार्थ शुरू किया गया है। जिसमें रामदेवरा पैदल यात्रियों को आवश्यक दवाइयों का वितरण कर उचित इलाज भी कैम्प में किया जाएगा। मुख्य अतिथि पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने कहा कि चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा पद यात्रियों के लिए मेडिकल कैम्प का कार्यक्रम अनुकरणीय व अनमोल है।


**AUCTION FOR SALE**

Salvage disposal of **Fire affected Saree 10,271 nos. & Embroidery Border 26371 Mtr M/s NAMO FASHION SHOP NO. 308-309, THIRD FLOOR, CHAMPAWAT MARKET HALDIYON KA RASTA, JAIPUR-300203.**
Interested buyers can inspect from **2nd Sep to 7th Sep** & participate in online auction along with **EMD Rs-1,00,000/-**
**Auction will be held on 09th September 1:00pm to 2:00pm**
**On our website:**
**www.salvagewealth.in**
**Auctioneer Details: Mrs. Neha Mehra 8130171575**


# रामदेवरा में व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक आयोजित

**पोकरण /रामदेवरा**, (निसं)। पश्चिमी राजस्थान का विख्यात बाबा रामदेवरा मेला आगामी पांच सितम्बर से प्रारंभ होगा। मेला व्यवस्थाओं की अंतिम तैयारियों की शनिवार को जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने बैठक लेकर समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि मेला व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों को सुपुर्द कार्य और दायित्वों को पूरी तत्परता से सम्पादित कर मेलार्थियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं जुटाएं। उन्होंने कहा वि ग्राम पंचायत एवं मन्दिर समिति का विशेष दायित्व रहता है इसलिए वे पूरे मेले में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखे। रामसरोवर तालाब पर सुरक्षा एवं लाईट के पुख्ता प्रबन्ध करे। रामसरोवर तालाब पर डूबने की घटने ना हो इसके लिये प्रत्येक समय पर्याप्त मात्रा में कुशल तैराकों की व्यवस्था रखे।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत करवाते रहे। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बाबा रामसापीर की समाधी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ मीठे पानी की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित कर लें।

उन्होंनें निर्देश दिये कि वे मेले के दौरान टूंटी लगे हुए पर्याप्त टैंकरों की व्यवस्था के साथ मुख्य मार्गो पर अधिकाधिक सार्वजनिक नल लगाने की व्यवस्था करें। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारु रुप से संचालन के लिए मेले के दौरान लगाए जाने वालें चिकित्सा स्टॉफ की समुचित व्यवस्था कर दें एवं यहां नि:शुल्क जांच योजना और नि:शुल्क दवा योजना का लाभ श्रद्धालुओं को मिल सके इसकी भी व्यवस्था सुनिश्चित कर ले। उन्होंने निर्देश दिये कि खाद्य प्रदार्था के सेम्पल जांच के लिए खाद्य निरीक्षक मय टीम की उचित व्यवस्था कर दें। उन्होंने मेले में पर्याप्त एम्बूलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये किमेले के दौरान अवैध वाहन एवं ओवरलोडिंग वाहन किसी भी सूरत में नहीं आवें और चैकिंग व्यवस्था जोर दिया। उन्होंने रोडवेज के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेलार्थियों के आवागमन को देखते हुए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था रखे। साथ ही पोकरण से रामदेवरा के बीच शटल बसें चलाते रहें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे मेले के दौरान विद्युत आपूर्ति 24 घण्टें सप्लाई हो इसके लिए पुख्ता प्रबंध कर दें।

उन्होंनें यह भी निर्देश दिए मेले के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति करें। अतिरिक्त जिला कलैक्टर मुन्नीराम बागडिया ने मेले के संबंध में अब तक की गई तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल सिंह ने बताया कि रामदेवरा मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे है।

# माउंट आबू के ज्ञान सरोवर में राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

जालोर/माउंट आबू, (कासं)। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि चिकित्सा व्यवसाय लोगों को जीवन दान देने का भागीरथी कार्य करने के साथ परमार्थ के भी इस व्यवसाय में असीम अवसर उपलब्ध होते है। विपुलता में तो कोई भी जीवन जीने के लिए किसी भी मूल्य पर उपचार करवा सकता है, लेकिन अभाव भरे जीवन जी रहे लोगों की सेवा करने का पुण्य फल भी प्राप्त किये जाने को इस व्यवसाय में सहायक सिद्ध होता है। यह बात उन्होंने शनिवार को माउंट आबू के ब्रह्माकुमारीज संगठन के मेडिकल विंग की ओर से ज्ञान सरोवर में मांईड, वाडी व मेडिसिन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते कही।

उन्होंने कहा कि यहां के स्वच्छ आध्यात्मिक वातावरण से ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त कर निश्चित तौर पर सहभागी सकारात्मक सोच लेकर जायेंगे। जिससे व्यवसाय उत्तरोत्तर प्रगति करेगा ही साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में भी आगे आकर गरीबों के मसीहा के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब होंगे। यहां जो उपदेश दिये जाते हैं। उससे ध्यान-साधना में एकाग्रता आती है। अध्यात्म जगत ही नहीं अपितु भौतिक क्षेत्र में भी एकाग्रता की अहमियत है। ब्रह्माकुमारीज संस्था की सेवाएं अदभूत है। हाल ही में नशा मुक्ति अभियान में संस्था ने जो कार्य किया है वह अपने आप में एक मिसाल हैं। युवा पीढी में आज नशे की जो प्रवृति चल रही है उसे बडी संख्या में युवा ड्रग्स की लत प्रभावित हो रहे है। यह लत महामारी का रूप ले रही है। इस व्याधि से पीडति युवाओं को नशीली प्रवृत्तियों से बाहर निकाले में न केवल यह संस्था कामयाब हुई है बल्कि कई युवा नशे की लत त्याग कर दूसरो को नशे से मुक्ति दिलाने के कार्य में सहायक बन रहे है। इससे पूर्व दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया।

जोधपुर एम्स निदेशक डॉ. जीडी पुरी ने कहा कि समाज में स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति प्राप्त करने की भी जरूरत है। शान्ति के लिए चिकित्सा कार्य से जुडे लोगों का स्वयं से पहल करनी होगी। चिकित्सा प्रभाग प्रमुख डा. अशोक मेहता ने कहा कि मनुष्य के संकल्पों का स्वास्थ्य पर सीधे तौर पर प्रभाव पडता है।

जब मनुष्य की चेतना संगठित रूप से एक ही प्रकार का संकल्प करती है तो उसकी सामूहिक सोच का प्रभाव स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। ज्ञान सरोवर की निदेशक बीके प्रभा बहन ने कहा कि परमपिता शिव परमात्मा सर्वोच्च चिकित्सक है। जीवन प्रवंधन विशेषज्ञ बीके शिवानी ने कहा कि ब्रह्माकमारी संगठन विश्व में समाज के हर वर्ग को अध्यात्म के जरिए जो जोडने का कार्य कर रहा है वह निसंदेह ही परमात्मा का कर्त्तव्य है। इतने बडे स्तर पर कार्य करना किसी मनुष्य के बूते की बात नहीं हो सकती। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित गुप्ता ने कहा कि वर्तमान परिवेश में समाज जिस दौर से गुजर रहा है उसमें मनुष्य तनाव व अवसाद जैसी विकृतियों की मार झेल रहा है। दिनों दिन बढती शारीरिक व्याधियां, प्राकृतिक आपदाओं का कहर, संबंधों में कडवाहट, पारिवारिक समन्वय में कमी आदि तनाव करने वाली बातों से अपने को सुरक्षित रखने के लिए परमपिता परमात्मा से संबंध जोडकर मनोबल को मजबूत करने की अति आवश्यकता है। ब्रह्माकुमारीज संगठन के कार्यकारी सचिव डॉ. मृत्युंजय ने कहा कि यदि मनुष्य अपने आंतरिक आत्मा मूलभूत शक्ति, गुण, शांति, आनंद, पवित्रता, प्रेम आदि की स्मृति व अनुभूति में रहकर उसको वातावरण में प्रवाहित करें तो इसके आधार पर एक स्वस्थ, समरस, सुखमय मानवीय संस्कृति व श्रेष्ठ सभ्यता की संरचना का निर्माण हो सकता है।

डीवाई पाटिल मेडिकल कालेज की प्रो. चांसलर भाग्यश्री पाटिल ने कहा कि अपनी चेतना को सकारात्मक व शांतिपूर्ण बनाए रखने से विकटतम समस्याओं पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है। जितना मानवीय चेतना श्रेष्ठ, सकारात्मक, स्वच्छ, स्वस्थ एवं शक्तिशाली होगी उतना ही उसकी चिंतन प्रवृति, चरित्र, कर्म और जीवनस्तर उच्च एवं महान होगा।


**आरएमजीबी RMGB राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक**
**Rajasthan Marudhara Gramin Bank**
( भारत सरकार, राजस्थान सरकार एवं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम )

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अधीन निविदा द्वारा सार्वजनिक विक्रय सूचना**

चूंकि निम्न ऋणी/जमानती को उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अन्तर्गत उनके सामने अंकित बकाया राशि की वसूली के हेतु नोटिस जारी किये गये थे। तत्पश्चात् अधोपदनामित द्वारा जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक शाखा-फालना का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न ऋणी/जमानती की बंधक सम्पत्ति (चल सम्पत्ति) को कब्जे में लेकर 'जैसी हैं-जहाँ है', 'जैसी है-जो भी हैं' तथा ''जो कुछ भी हैं'' के आधार पर ऋण वसूली हेतु विक्रय के लिये निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के नोटिस की तिथि एवं राशि (रू.) | बंधक रखी गयी चल सम्पति का विवरण | दिनांक 23.08.2024 तक बकाया राशि (रू.) | नीलामी तिथी, समय एवं स्थान | आरक्षित मूल्य, एवं धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋणी :- श्री समीर टाक पुत्र श्री मोहम्मद सलिम | 29.09.2023 रू. 6,19,650/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | Registration No. - RJ-27-CK-7136 Name of Vehicle - Volkswagen Model and Variant - Polo 1.OTS/HL Plus/ Petrol Engine No. - DSH032834 Chasis No.- MEXH21608MT157085 | रू. 6,37,286/- + ब्याज एवं अदत्त खर्चे | दिनांक 04.10.2024 समय दोपहर 1:00 बजे एवं स्थान शाखा परिसर फालना | आरक्षित मूल्य रू. 4,76,000/- धरोहर राशि रू. 47,600/- |

**नीलामी की शर्ते :-1.** उपरोक्त चल सम्पत्ति को उक्त अंकित आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जायेगा। इच्छुक निविदादाताओं को **प्राधिकृत अधिकारी, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक, शाखा -फालना** के पक्ष में देय पें-आर्डर/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में (जो कि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या अनुसूचित बैंक का हो) उक्त अंकित धरोहर राशि जमा करानी होगी। सफल बोलीदाता के मामले में कथित जमा राशि समायोजित कर ली जाएगी अन्यथा निविदा प्रक्रिया के पूर्ण होने पर वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। **2.** मुहरबंद निविदाऐं धरोहर राशि सहित सीलबंद लिफाफे में जिस पर उपरोक्त चल सम्पत्ति जिस हेतु निविदा दी गई है का विवरण लिखा हो, **प्राधिकृत अधिकारी, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक, शाखा-फालना** में दिनांक **04.10.2024** (अंतिम तिथि) दोपहर **12.30** बजे तक जमा कराई जा सकती है। **3.** अंतिम तिथि के बाद/बिना धरोहर राशि के/अधूरा/किसी भी प्रकार की शर्तो सहित होने पर निविदा अमान्य होगी, निविदाऐं दिनांक **04.10.2024** को प्राधिकृत अधिकारी एंव उपस्थित निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में दोपहर **1.00** बजे विचारार्थ खोली जाएगी तथा निविदाकर्ताओं के मध्य आपस में बोली बढाने के लिए अवसर दिया जाएगा और अधिकतम बोली को स्वीकार किया जाएगा। **4.** अनुसूचित सम्पत्ति का निरीक्षण सम्पत्ति स्थल- देसूरी, जिला-पाली पर किया जा सकता है। **5.** सफल बोलीदाता को बोली छूटने के 24 घंटे के अन्दर बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। क्रेता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीलामी पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के अन्दर या अधोपदनामित के स्वविवेकानुसार दिए गये समय में शेष 75 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी अन्यथा जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। **6.** प्राधिकृत अधिकारी सर्वोच्च ऑफर अथवा किसी/समस्त ऑफर को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है तथा वह बिना कारण बताए उसे अस्वीकार कर सकते हैं। **7.** विधि अनुसार यथा प्रयोज्य हस्तान्तरण खर्च जैसे-स्टाम्प शुल्क पंजीकरण फीस इत्यादि हेतू देय प्रभार/शुल्क सफल बोलीदाता वहन करेगा। **8.** चल सम्पत्ति **''जैसी है-जहां है'', ''जैसी है-जो भी है'' तथा ''जो कुछ भी हैं''** के आधार पर बेची जाएगी तथा अधोपदनामित के ज्ञानानुसार चल सम्पत्ति पर कोई बकाया नहीं है फिर भी यदि कोई बकाया होता हैं तो निविदाकार/खरीददार को जमा कराना होगा। **9.** बिक्री अधीन चल सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार के प्रभार, लियन, भारग्रसता, सम्पत्ति कर अथवा सरकार अथवा किसी अन्य को देय कोई प्रभार के लिये प्राधिकृत अधिकारी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जायेगा। **10.** बिक्री प्रमाण-पत्र निविदाकार के नाम से ही दिया जाएगा। **11.** उक्त चल सम्पत्ति के लिए इच्छुक क्रेता नहीं आने पर या बोली स्वीकार नहीं करने के कारण चल सम्पत्ति को नियम 8 (5) में वर्णित अन्य शक्तियों का उपयोग करते हुए बेचा जा सकेगा। **12. यह प्रकाशन उपरोक्त सभी ऋणीयों/जमानतदारों को 30 दिन का विक्रय नोटिस भी है।**

**नोट:** एतद् द्वारा ऋणीयों और जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि यदि आपके पास कोई उचित मूल्य देने वाले क्रेता उपलब्ध हो तो निविदा तिथि तक प्राधिकृत अधिकारी को सम्पर्क करें और चल सम्पत्ति उचित मूल्य पर शांतिपूर्वक विक्रय में सकारात्मक सहयोग देवें।

**अधिकृत एनफोर्समेंट एजेंसी :-**
**एम. बी. फाईनेंस,** 217, 2nd फ्लोर,
एम. एम. कॉम्पलेक्स, उदियापोल के पास, उदयपुर (राज.) 313001
मोबाईल नं- 6376410997, 9460507672

**प्राधिकृत अधिकारी**
**राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक**
**शाखा-फालना**